कुल पृष्ठों की संख्या : 4

नामांक [ ]

कुल प्रश्नों की संख्या : 26

CH

# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा –2022-23

समय : 3.15 घण्टे

कक्षा : 11

विषय : हिन्दी अनिवार्य

पूर्णांक : 70

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

1. सभी प्रश्नों को हल करना अनिवार्य हैं।
2. जिन प्रश्नों के एक से अधिक भाग हैं, उन सभी भागो का उत्तर एक साथ लिखें, भिन्न-भिन्न दो स्थानों पर नहीं लिखें।
3. सर्वप्रथम परीक्षार्थी प्रश्न - पत्र पर अपना नामांक अवश्य लिखें।
4. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर पुस्तिका में स्वच्छ लिखावट में लिखें।
5. प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने अंकित है।

## खण्ड - क

1. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे गए प्रश्नों का उत्तर दीजिए।

अनुशासन को हम दूसरे शब्दों में संयम की संज्ञा दे सकते हैं। अनुशासन शब्द 'अनु' व 'शासन' इन दो शब्दों के मेल से बना है। अनु का अर्थ है - पीछे या अनुकरण तथा शासन का अर्थ है - व्यवस्था, नियन्त्रण अथवा संयम। इस प्रकार अनुशासन का शाब्दिक अर्थ है नियंत्रण एवं संयमपूर्वक रहना। विद्यार्थी - जीवन में अनुशासन का विशेष महत्त्व है, क्योंकि इस अवस्था में विद्यार्थी जिस प्रकार का आचरण एवं व्यवहार सीख लेता है वही आचरण एवं व्यवहार उसके भावी जीवन का अंग बन जाता है। दूसरी बात यह है कि विद्यार्थी का मस्तिष्क चूंकि पूर्ण परिपक्व नहीं होता, यही कारण है कि दूसरों की अपेक्षा विद्यार्थी के सुकोमल मस्तिष्क में अनुशासनहीनता या अनुशासनप्रियता का अधिक प्रभाव पड़ता है। इसलिए विद्यार्थी जीवन में चरित्र निर्माण तथा शारीरिक एवं बौद्धिक विकास के लिए अनुशासन का होना अनिवार्य है। वर्तमान काल में भौतिकवादी परिवेश, दोषपूर्ण शिक्षा प्रणाली, संरक्षकों एवं अभिभावकों की उदासीनता, भ्रष्ट राजनीति का प्रभाव पाश्चात्यानुकरण की प्रवृत्ति विद्यार्थियों में अनुशासनहीनता के प्रमुख कारण है। इस समस्या के समाधान के लिए प्रथम तो वर्तमान शिक्षा प्रणाली में क्रान्तिकारी परिवर्तन की आवश्यकता है। विद्यार्थियों में आत्मनिर्भरता व सद्भावनाओं का विकास हों, छात्रों और शिक्षकों के बीच सहदय एवं घनिष्ठ संबंध हो।

(i) अनुशासन का शाब्दिक अर्थ है। 1

(क) कठोर शासन (ख) दूसरों का शासन

(ग) नियंत्रण व संयमपूर्वक रहना (घ) अत्यधिक शासन

(ii) विद्यार्थियों में अनुशासनहीनता का प्रमुख कारण है। 1

(क) पाश्चात्यानुकरण की प्रवृत्ति (ख) आत्मनिर्भरता

(ग) शारीरिक विकास (घ) स्वार्थ सिद्धि

(iii) विद्यार्थी के मस्तिष्क पर किसका अधिक प्रभाव पड़ता है। 1

(क) भौतिकवादी परिवेश (ख) अनुशासन

(ग) शिक्षा प्रणाली (घ) भ्रष्ट राजनीति

1

( iv ) अनुशासन किन दो शब्दों के मेल से बना है।

( क ) अनुशास + न ( ख ) अ + नुशासन ( ग ) अनु + शासन ( घ ) अनुशा + सन

2

( v ) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का क्या महत्व है ? 1

( vi ) अनुशासनहीनता समस्या का समाधान कैसे हो सकता है ?

2. निम्नलिखित अपठित पद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

गाकर गीत विरह के तटिनी
वेगवती बहती जाती है,
दिल हलका कर लेने को
उपलों से कुछ कहती जाती है।
तट पर एक गुलाब सोचता,
"देते स्वर यदि मुझे विधाता,
अपने पतझर के सपनों का
मैं भी जग को गीत सुनाता।"

गा - गाकर बह रही निर्झरी
पाटल मूक खड़ा तट पर है।
गीत, अगीत, कौन सुन्दर है ?

( i ) तटिनी अपना दिल किसे कहकर हलका कर लेती है। 1

( क ) गुलाब को ( ख ) तट को ( ग ) पतझर को ( घ ) उपलों को

( ii ) गुलाब किससे स्वर की मांग करता है। 1

( क ) पत्तों से ( ख ) पौधों से ( ग ) नदी से ( घ ) विधाता से

( iii ) गुलाब जग को किसके बारे में गीत सुनाना चाहता है। 1

( क ) फूलों के बारे में ( ख ) खुशबू के बारे में ( ग ) सुन्दरता के बारे में ( घ ) पतझर के सपनों के बारे में

( iv ) तट पर कौन मूक खड़ा है। 1

( क ) तटिनी ( ख ) निर्झरी ( ग ) गंगा ( घ ) गुलाब

( v ) नदी का किनारों से कुछ कहते हुए बह जाने पर गुलाब क्या सोच रहा है ? 2

( vi ) उपर्युक्त पद्यांश का उचित शीर्षक बताइए ? 1

## खण्ड - ख

3. 5 निबन्ध - निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 300 शब्दों में सारगर्भित निबन्ध लिखिए। 5

( i ) समय का सदुपयोग ( ii ) आत्मनिर्भर भारत

( iii ) प्लास्टिक थैली - पर्यावरण की दुश्मन ( iv ) नारी सुरक्षा की महत्ती आवश्यकता

4. प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, करौली द्वारा फर्नीचर मंगवाने के लिए सम्बन्धित अधिकारी को एक आदेश पत्र लिखिए। 4

अथवा

जिला कलेक्टर, जयपुर की ओर से राजस्व सचिव, राजस्थान सरकार को स्वच्छता अभियान हेतु बजट स्वीकृति जारी करने हेतु सरकारी पत्र लिखिए।

5. फीचर लेखन कितने प्रकार के होते हैं ? 1

6. फीचर लेखन में ध्यातव्य बाते कौन-कौन सी है ? 3

7. प्रतिवेदन तैयार कीजिए - शैक्षिक भ्रमण। 3

8. एक आदर्श रिपोर्ट के गुण बताइये। 1

खण्ड - ग

9. निम्नलिखित पद्य की सप्रसंग व्याख्या करो। 4

संतो देखत जग बौराना
साँच कहौं तो मारन धावै, झूठे जग पतियाना।।
नेमी देखा धरमी देखा, प्रात करै असनाना।
आतम मारि पखानहि पूजै, उनमें कछु नहिं ज्ञाना।।
बहुतक देख पीर औलिया, पढ़ै कितेब कुराना।
कै मुरीद तदबीर बतावै, उनमें उहै जो ज्ञाना।।
आसन मारि डिंभ धरि बैठे, मन में बहुत गुमाना।

अथवा

अंधकार की गुहा सरीखी
उन आँखों से डरता है मन,
भरा दूर तक उनमें दारूण
दैन्य दुःख का नीरव रोदन।

वह स्वाधीन किसान रहा,
अभिमान भरा आँखों में इसका
छोड़ उसे मँझधार आज
संसार कगार सदृश बह खिसका।

10. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या करो। 4

मासिक वेतन तो पूर्णमासी का चाँद है जो एक दिन दिखाई देता है और घटते-घटते लुप्त हो जाता है। ऊपरी आय बहता हुआ स्त्रोत है जिससे सदैव प्यास बुझती है। वेतन मनुष्य देता है, इसी से उसमें वृद्धि नहीं होती। ऊपरी आमदनी ईश्वर

देता है, इसी से उसकी बरकत होती है, तुम स्वयं विद्वान हो, तुम्हें क्या समझाऊँ। इस विषय में विवेक की बड़ी आवश्यकता है। मनुष्य को देखो, उसकी आवश्यकता को देखो और अवसर को देखो, उसके उपरांत जो उचित समझो, करो। गरजवाले आदमी के साथ कठोरता करने में लाभ ही लाभ है।

अथवा

आज भी महसूस करते हैं न ऐसा ? ......... तो फिर साथ दीजिए हमारा। अखबार यदि किसी इश्यू को उठा ले और लगातार उस पर चोट करता रहे तो फिर वह थोड़े से लोगों की बात नहीं रह जाती। सबकी बन जाती है ......... आँख मूंदकर नहीं रह सकता फिर कोई उससे। आप सोचिए जरा अगर इसके खिलाफ कोई नियम बनता है तो कितने पेरेंट्स को राहत मिलेगी कितने बच्चों का भविष्य सुधर जाएगा, उन्हें अपनी मेहनत का फल मिलेगा, माँ-बाप के पैसे का नहीं, ......... शिक्षा के नाम पर बचपन से ही उनके दिमाग में यह तो नहीं भरेगा कि पैसा ही सब कुछ है ..........।

11. भूलो की जगह दूसरा कुत्ता क्यों लाया गया ? उसने फिल्म के किस दृश्य को पूरा किया ? 1

12. धनराम को मोहन के किस व्यवहार पर आश्चर्य होता है ? 1

13. स्पीति में कितनी ऋतुएँ होती है ? बताइए। 1

14. हैडमास्टर के अनुसार पेपर देने के बाद हर बच्चा घर जाकर क्या कहता है ? 1

15. 'नमक का दारोगा' कहानी का कौन सा पात्र आपको सर्वाधिक प्रभावित करता है ? 1

16. नसीरूद्दीन ने नानबाई का पेशा किससे सीखा था। 1

17. बंग विभाजन की योजना किसने बनाई थी। 1

18. गांव में जाति-पाँति के अंतर का प्रभाव व्यवहार में किस प्रकार दिखाई देता था। 3

19. निम्नलिखित में से किसी एक का जीवन परिचय दीजिए 3
प्रेमचंद अथवा सुमित्रानन्दन पंत।

20. मायके आयी बहिन के लिए कवि ने घर को 'परिताप का घर' क्यों कहा है ? 3

21. मीरा कृष्ण की उपासना किस रूप में करती है ? वह रूप कैसा है ? 3

22. पथिक का मन कहाँ विचरना चाहता है ? 1

## खण्ड - घ

23. लेखिका तातुश के बारे में क्या सोचती थी ? 1

24. मरुभूमि में वर्षा के जल को कैसे मापते हैं ? 2

25. राजस्थान में कुई किसे कहते हैं ? इसकी गहराई तथा व्यास सामान्य कुओं की गहराई तथा व्यास में क्या अंतर होता है ? 3

26. बेबी हलदार बाहर के लोगों से ज्यादा घूलना मिलना क्यों पसंद नहीं करती थी ? 5

अथवा

लता की गायकी से संगति के प्रति लोगों की सोच में क्या परिवर्तन आया है ?

❑❑❑